देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 228 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
कमजोर विपक्ष



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 18 दिसंबर 2024



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 09.0°

82924.41

2 ट्रूडो सरकार को बड़ा झटका

7 जैसी शुरुआत, वैसा ही हुआ अंत

# लोकसभा में स्वीकार हुआ एक देश एक चुनाव बिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस वक्त देश में एक बार फिर एक देश एक चुनाव की चर्चा जोरों पर है। संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश एक चुनाव के लिए 129 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। कई दलों की आपत्ति के बाद बिल को दोबारा पेश करने को लेकर वोटिंग हुई। ज्यादा वोट पड़ने के बाद बिल पेश किया गया। मोदी सरकार का प्रयास है कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं लेकिन विपक्ष इसे संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात बता रहा है। यह बिल लोकसभा में साधारण बहुमत से (269 सांसदों ने पक्ष में और 198 ने विपक्ष में मतदान किया) पेश हो गया लेकिन एक नई बहस को जन्म दे दिया।

विपक्ष का कहना है कि बिल भले ही पेश हो गया लेकिन पास नहीं हो सकता। दो–तिहाई बहुमत सरकार के पक्ष में नहीं है। सरकार का यह कदम संवैधानिक रूप से कमजोर है और इसे जनसमर्थन हासिल नहीं है। कांग्रेस सांसदों की ओर से वोटिंग के दौरान जो मत पड़े उसको लेकर सरकार के ऊपर तंज कसा गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने एक्स पर ई–वोटिंग के स्क्रीनशॉट को शेयर करते हुए कहा कि कुल 461 वोटों में से दो–तिहाई बहुमत (यानी 307) की आवश्यकता थी... लेकिन सरकार को केवल 269 वोट मिले, जबकि विपक्ष को 198। एक देश–एक चुनाव का प्रस्ताव दो–तिहाई समर्थन हासिल करने में विफल रहा।

उद्धव ठाकरे के शिवसेना गुट और शरद पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समूह साथ ही मार्क्सवादी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग सहित कई छोटे दलों ने भी विरोध जताया। माना जा रहा है कि विधेयक को संभवतः संसद की संयुक्त समिति को भेजा जाएगा। जिसका गठन प्रत्येक दल के लोकसभा में संख्या बल के आधार पर किया जाएगा। इसका मतलब है कि भाजपा के पास अधिकतम सदस्य होंगे और वह समिति का नेतृत्व करेगी। एक देश, एक चुनावः पर बनी रामनाथ कोविंद समिति को 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय दी थी।

## जेपीसी को भेजा गया वन नेशन–वन इलेक्शन बिल, लोकसभा में पक्ष में पड़े 269 वोट

### ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए: गृहमंत्री

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।



### सरकार ने सदन में 2 बिल पेश किए

सरकार ने एक देश, एक चुनावः से जुड़े 2 बिल 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किए। पहला– संविधान (129वां संशोधन) बिल। दूसरा–केंद्र शासित कानून (संशोधन) बिल 2014, इसके तहत पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू–कश्मीर के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। इस संशोधन बिल के जरिए इन तीन एक्ट में बदलाव किया जाना है। द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट– 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली– 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट– 2019 शामिल हैं।

### कांग्रेस ने वोटिंग रिजल्ट का दिया उदाहरण

कांग्रेस ने उदाहरण का उपयोग करते हुए बताया कि 461 सदस्यों ने संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के लिए मतदान में भाग लिया। यदि यह विधेयक पास करने के लिए मतदान होता, तो उन 461 में से 307 को पक्ष में मतदान करना होता लेकिन केवल 269 ने ऐसा किया। इस विधेयक को समर्थन नहीं है और कई दलों ने इसके खिलाफ बात की है। कांग्रेस के मनीष तिवारी, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और तमिलनाडु के द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के टीआर बालू ने विरोध का नेतृत्व किया। विरोध करने वाले दलों के पास 205 लोकसभा सांसद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जल और सीवर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा पर अमल करते हुए शासन ने प्रदेश के जल और सीवर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। जल और सीवर के अवशेष देयकों के एकमुश्त भुगतान पर सम्पूर्ण सरचार्ज माफी की अवधि को अगले वर्ष 31 मार्च, 25 तक बढ़ा दिया गया है। सीएम के निर्देश पर पुनः जल व सीवर माफी के अवशेष देयकों के एकमुश्त भुगतान करने की दशा में विलंब शुल्क की शत प्रतिशत माफी की अवधि को अगले वर्ष 31 मार्च 25 तक बढ़ा दिया गया है।

### उत्तराखंड की लोक संस्कृति है समृद्ध संस्कृतिः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राइफलों गरखेत नैनबाग टिहरी गढ़वाल पहुंचकर जौनपुर क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास महोत्सव में प्रतिभाग किया। समिति द्वारा मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत करते हुए कोट एवं टोपी पहनाकर सम्मान किया गया। उन्होंने कहा उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति हमारी मूल पहचान है।

# हॉस्पिटल तथा मेडिकल कॉलेजों में सोलर रूफटॉप पैनल लगाने के निर्देश

## सीएस ने दी सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में करने की सख्त हिदायत

**संवाददाता**

देहरादून। समयबद्धता से कार्य न होने की दशा में योजनाओं की लागत बढ़ने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को व्यय वित्त समिति में अनुमोदित सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर करने की सख्त हिदायत दी हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव स्वास्थ्य को राज्य के सभी हेल्थ सेन्टर, हॉस्पिटल तथा मेडिकल कॉलेजों में अनिवार्यतः सोलर रूफटॉप पैनल लगाने हेतु तत्काल आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिला चिकित्सालय चम्पावत के तहत लोवर ग्राउण्ड फ्लोर पर पार्किंग निर्माण, प्रथम एवं द्वितीय तल पर डायग्नोस्टिक विंग तथा ओटी के निर्माण हेतु सैद्धान्तिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी है। जनपद चम्पावत में चिकित्सकीय सुविधाओं की बढ़ती मांग के दृष्टिगत पृथक पार्किंग एवं एडमिनिस्ट्रेटिव विंग के निर्माण से मुख्य भवन में लगभग 6 कक्ष खाली हो जायेंगे, जिनकों अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं हेतु उपयोग में लाया जायेगा। चिकित्सालय को और अधिक सुविधायुक्त बनाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त कार पार्किंग से मरीजों तीमारदारों को कार पार्किंग की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी तथा वर्तमान पार्किंग स्पेस का इस्तेमाल विभागीय वाहन एम्बुलेन्स आदि की पार्किंग हेतु किया जा सकेगा।

सीएस ने ईएफसी में उत्तरकाशी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरोला को उप जिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया। सीएस ने इस योजना में रिवर प्रोटेक्शन वर्क पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव डा. आर राजेश कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सभी स्कूल एवं हॉस्टल में लगाए जाएंगे सोलर रूफटॉप पैनल

सीएस ने महानिदेशक शिक्षा को राज्य के सभी स्कूल एवं हॉस्टल में भी सोलर रूफटॉप पैनल लगाने हेतु आज ही आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव स्वास्थ्य को अधिक मातृत्व मृत्यु दर वाले संवेदनशील क्षेत्रों में मेटरनल डेथ ऑडिट करने के बाद इन क्षेत्रों में पर्याप्त डॉक्टर्स तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

# संविधान लहराने का मुद्दा नहीं, विश्वास का विषय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में मंगलवार को संविधान दिवस पर चर्चा में हिस्सा लिया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि ये हम सभी के लिए संकल्प लेने का समय। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है।

राज्यसभा में बोलते हुए अमित शाह ने राहुल गांधी पर सीधा अटैक किया। उन्होंने कहा कि संविधान लहराने का मुद्दा नहीं, विश्वास का विषय है। शाह ने कहा कि इस चुनाव में अजीबोगरीब नजारा देखा। किसी ने आम सभा में संविधान को लहराया नहीं। संविधान लहराकर, झूठ बोलकर जनादेश लेने का कुत्सित प्रयास कांग्रेस के नेताओं ने किया। संविधान लहराने का विषय नहीं है, संविधान तो विश्वास का विषय है, श्रद्धा का विषय है। लोकसभा में किसी को मालूम नहीं था, जागरुकता नहीं थी। महाराष्ट्र चुनाव में संविधान बांटे गए। एक पत्रकार के हाथ में आ गया, कोरा था। प्रस्तावना तक नहीं थी। 75 साल के इतिहास में संविधान के नाम पर इतना बड़ा छल हमने नहीं देखा है, न सुना है। हार का कारण ढूंढते हैं, बता दूं कि लोग जान गए कि संविधान की प्रति फर्जी लेकर घूमते हो तो लोगों ने हरा दिया।

### चर्चा

■अमित शाह का राहुल गांधी पर तगड़ा अटैक

### वोट बैंक की राजनीति हम नहीं कर रहे

संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति हम नहीं कर रहे। ट्रिपल तलाक समाप्त हो गया लेकिन कोई नहीं कहता अच्छा हुआ। हम नई शिक्षा नीति लेकर आए, जिसका विरोध कम्युनिस्ट पार्टी भी नहीं कर पाई।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
**Gadoli Media Ventures**
Contact:
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 39 हजार नए मतदाताओं को मिलेगा मतदान का अधिकार

**संवाददाता**

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत प्रदेश भर में अभियान जारी है। उत्तराखंड में बीते अक्टूबर माह से मतदाता सूची में नाम दर्ज एवं संशोधन कराने के साथ ही पुनरीक्षण कार्य व्यापक स्तर पर किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार इस वर्ष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नए मतदाताओं एवं युवा मतदाताओं पर फोकस करते हुए उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

■प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के लगभग 39 हजार आवेदन प्राप्त

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वोटर लिस्ट को अपडेट करने की प्रक्रिया संचालित की जाती है।

अभियान के तहत वर्तमान में प्रदेश भर से 116428 आवेदन फॉर्म 6 के रुप में प्राप्त हुए। इन आवेदन पत्रों मे 18 से 19 वर्ष के आयुवर्ग के 38909 आवेदक, फार्म 6 के रुप में प्राप्त हुए।

# रूस के परमाणु बमों के रक्षक की बम विस्फोट में हत्या

रिपोर्ट

## मॉस्को में विस्फोटक से बनाया गया निशाना, पुतिन को बड़ा झटका

- इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाकर रखे गए विस्फोटक का हुए शिकार
- किरिलोव के सहायक की भी मौत, किरिलोव पर प्रतिबंध लगा चुका ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मॉस्को। रूस के परमाणु हथियारों की सुरक्षा करने वाली फोर्स के प्रमुख वरिष्ठ रूसी जनरल की मंगलवार को मॉस्को में हत्या कर दी है। रूस की जांच समिति ने कहा है कि मंगलवार को मॉस्को में एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाए गए बम से उनकी हत्या की गई। लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक बलों के प्रमुख थे। उन्हें क्रेमिलिन से 7 किमी दूर दक्षिण पूर्व में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के बाहर निशाना बनाया गया।


जांच समिति के अनुसार, हमले में इगोर किरिलोव के साथ ही उनके सहायक की भी मौत हुई है। रूसी टेलीग्राम चैनलों पर तस्वीरें पोस्ट की गई हैं, जिसे घटना से जुड़ी होने का दावा किया जा रहा है। इन तस्वीरों में मलबे से अटी एक इमारत का टूटा हुआ दरवाजा और बर्फ में दो शव दिखाई दे रहे हैं। रूसी एजेंसियों ने हत्या के मामले की आपराधिक जांच शुरू की है।

इसी साल अक्टूबर में ब्रिटेन ने किरिलोव प्रतिबंध लगाते हुए उनके ऊपर यूक्रेन में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल की निगरानी का आरोप लगाया था। उन्हें क्रेमलिन के दुष्प्रचार फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण मुखपत्र कहा गया था। रूस के रेडियोधर्मी, रासायनिक और जैविक रक्षा सैनिकों आरकेएचबी के रूप में जाना जाता है। यह एक स्पेशल फोर्स है।

यूक्रेन की खुफिया सेवा एसबीयू ने बताया है कि एक दिन पहले ही यूक्रेनी अभियोजकों ने जनरल किरिलोव पर आरोप लगाया था कि वह यूक्रेन के अंदर प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के बड़े पैमाने पर इस्तेमल के लिए जिम्मेदार हैं। रूस ने इन आरोपों को खारिज किया था। रूसी जनरल की हत्या ऐसे समय में की गई है, जब रूसी सेना यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी हुई है। ऐसे में रूसी जनरल की मौत को राष्ट्रपति पुतिन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने कहा कि सोमवार को यूक्रेनी अभियोजकों ने यूक्रेन में प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के कथित इस्तेमाल पर किरिलोव की अनुपस्थिति में आरोप लगाया। मगर रूस ने इन आरोपों से इनकार कर दिया। ब्रिटेन ने अक्टूबर में किरिलोव और परमाणु सुरक्षा बलों पर दंगा नियंत्रण एजेंटों और युद्ध के मैदान में जहरीले चेकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन के इस्तेमाल की कई रिपोर्टों के आधार पर प्रतिबंध लगाया था।

## न्यूज डायरी



### विस्कॉन्सिन के स्कूल में छात्र ने की फायरिंग, पांच लोगों की मौत, 6 घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूजर्सी। अमेरिका के विस्कांसिन प्रांत के मैडिसन में एक स्कूल में सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हमलावर स्कूल का ही छात्र था। गोलीबारी के बाद जब पुलिस पहुंची तो संदिग्ध हमलावर की मौत हो चुकी थी। मैडिसन पुलिस विभाग ने इंटरनेट मीडिया पर बताया कि गोलीबारी की वारदात एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में हुई। इस प्राइवेट स्कूल में लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं। मैडिसन पुलिस प्रमुख शान बार्न्स ने कहा कि वारदात में तीन लोग मारे गए, जिसमें संदिग्ध शूटर भी शामिल था। छह घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी क्यों की गई यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका में हाल के वर्षों में स्कूल में गोलीबारी की संख्या में वृद्धि हुई है। स्कूल शूटिंग डाटाबेस वेबसाइट के अनुसार, इस वर्ष अमेरिका में 322 स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। पिछले वर्ष स्कूलों में गोलीबारी की 349 घटनाएं हुई थीं। इस घटना पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और अविवेकपूर्ण बताया है। गोलीबारी की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने एक बार फिर सख्त बंदूक कानूनों की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

### पीएम मोदी के पोस्ट पर बांग्लादेश ने जताई आपत्ति


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद पहली बार 16 दिसंबर को बांग्लादेश ने आजादी का जश्न मनाया। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित भी किया। बांग्लादेश ने ढाका तो भारत ने कोलकाता में बांग्लादेश की आजादी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। मगर इस बीच बांग्लादेश के एक मंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट पर आपत्ति जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की ऐतिहासिक जीत का जिक्र अपने एक्स पोस्ट पर किया। मगर बांग्लादेश के कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने इस पर आपत्ति जताई। सोमवार को नजरूल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि 1971 की जीत बांग्लादेश की जीत है। इसमें भारत केवल एक सहयोगी था। बता दें कि 16 दिसंबर 1971 को ही बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। स्वतंत्र बांग्लादेश के निर्माण में भारत की अहम भूमिका थी। भारतीय सेना की बदौलत बांग्लादेश अस्तित्व में आया। 16 दिसंबर को हर साल बांग्लादेश विजय दिवस मनाता है। इस बार बांग्लादेश ने अपना 54वां विजय दिवस मनाया है। खास बात यह है शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह पहला कार्यक्रम था। 54 वें विजय दिवस पर अपने संबोधन में मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान का जिक्र तक नहीं किया।

### बशर अल-असद का पहला बयान, कहा- लड़ना चाहता था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद ने कहा है कि उनका देश छोड़ने का इरादा नहीं था लेकिन आठ दिसंबर को रूसी वायुसेना अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद ऐसी स्थितियां बनीं कि उन्हें रूस के लिए रवाना होना पड़ा। दमिश्क पर इस्लामिक संगठन के कब्जे और असद के सीरिया छोड़ने के बाद आठ दिसंबर की स्थितियों पर पहली बार उनका बयान आया है। रूस में शरण लिए असद ने फेसबुक पोस्ट में कहा है कि वह सात दिसंबर की रात तटवर्ती लताकिया प्रांत में स्थित रूसी वायुसेना अड्डे पर लड़ाई की योजना बनाने के लिए गए थे। लेकिन उसी समय रूसी अड्डे पर कई ड्रोन से हमला हो गया। इसी के बाद उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी गई और वह वहीं से मास्को के लिए रवाना हो गए। असद ने उन चर्चाओं को खारिज किया है जिनमें कहा गया है कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से सीरिया छोड़ा था। उन्होंने कहा, उनकी पद छोड़ने या किसी देश में शरण लेने या किसी को ऐसा कोई प्रस्ताव भेजने की कोई योजना नहीं थी। वह आतंकियों के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते थे।

## ट्रूडो को बड़ा झटका, सरकार के सामने आया संकट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** ओट्टावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को बड़ा झटका लगा है। कनाडा की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों को लेकर जस्टिन ट्रूडो के साथ असहमति का भी जिक्र किया है। सरकार में उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का पद संभाल रही फ्रीलैंड ने कहा कि पीएम ने उनसे वित्त मंत्रालय छोड़ने और मंत्रिमंडल में कोई दूसरी भूमिका लेने को कहा था। फ्रीलैंड के इस्तीफे ने प्रधानमंत्री ट्रूडो के खिलाफ मंत्रिमंडल के भीतर टकराव को खुलकर सामने ला दिया है, जो सत्ता पर उनकी पकड़ के लिए खतरा पैदा कर सकता है। कनाडा के पीएम को यह झटका ऐसे समय में लगा है, जब लगातार उनकी लोकप्रियता कम हो रही है। लिबरल पार्टी के नेता ट्रूडो अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के पियरे पोलिएवर से 20 अंकों से पीछे हैं। फ्रीलैंड ने अपने इस्तीफे में कहा कि हमारा देश एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से आप और मैं कनाडा के लिए आगे के सर्वोत्तम रास्ते के बारे में खुद को असहमत पाते हैं। उन्होंने कनाडा के आयात पर ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना की तरफ इशारा किया।



वानुअतु में भूकंप से मची तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्ट विला। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र वानुअतु में मंगलवार को जबरदस्त भूकंप आया। वानुअतु की राजधानी पोर्ट विला में आए इस भूकंप ने तबाही मचा दी। भूकंप से कई इमारतें और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र वानुअतु के सबसे बड़े शहर पोर्ट विला से 30 किलोमीटर पश्चिम में 57 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता 7.4 मैग्नीट्यूड आंकी गई। वानुअतु के सरकारी टीवी चैनल की एक फुटेज भी सामने आई, जिसमें लोगों से भरी सड़क पर एक इमारत ढहने से कई वाहन कुचले गए। चैनल ने बताया कि ढही हुई इमारत में एक व्यक्ति फंस गया था। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है और घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

## आज तक किसी पाकिस्तानी सांसद ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- इमरान के साथी ने की प्रियंका गांधी की तारीफ
- प्रियंका के बैग पर लिखा था फलस्तीन

पाकिस्तान। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के फलस्तीन लिखे बैग की चर्चा इजरायल से पाकिस्तान तक है। अब इमरान खान की सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी ने भी प्रियंका गांधी की फोटो को अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया और उनकी जमकर तारीफ भी की। फोटो में प्रियंका गांधी के कंधे पर फलस्तीन के समर्थन वाला बैग है। बैग में तरबूज समेत अन्य प्रतीक बने हैं। इन प्रतीकों को फलस्तीन की संस्कृति में अहम माना जाता है।

पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने लिखा कि जवाहर लाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? प्रियंका गांधी ने अपनी खूब धाक जमाई है। यह शर्मनाक है कि आज तक किसी पाकिस्तानी सांसद ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई।

प्रियंका गांधी की यह वायरल तस्वीर सोमवार की है, जब वे संसद पहुंची थीं। पहले भी कई मौकों पर कांग्रेस और प्रियंका गांधी फलस्तीन के समर्थन में आवाज उठा चुकी हैं। फलस्तीन के राजदूत से प्रियंका ने मुलाकात भी की थी। प्रियंका गांधी वाड्रा फलस्तीनियों के संघर्ष में अपने समर्थन की बात कह चुकी हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की है। पहले यहां से उनके भाई राहुल गांधी सांसद थे। मगर उन्होंने रायबरेली सीट को बरकरार रखा और वायनाड सीट खाली कर दी। इसके बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाया। पहली बार चुनाव जीतकर प्रियंका लोकसभा पहुंचीं हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रियंका गांधी वाड्रा के बैग पर अपनी प्रतिक्रिया दी। भाजपा सांसद संबित पात्रा का कहना है कि गांधी परिवार हमेशा से ही तुष्टिकरण का बैग ढो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की हार की वजह भी यही तुष्टिकरण है।

### जॉर्जिया के माउंटेन रिसॉर्ट में 11 भारतीयों की मौत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जॉर्जिया के गुडौरी पर्वतीय रिसॉर्ट में 12 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतकों में 11 भारतीय थे और एक स्थानीय नागरिक था। इस मामले के बाद जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक निरीक्षण में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले। इस मामले में स्थानीय मीडिया का कहना है कि सभी पीड़ित कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से मर गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इस बात की जानकारी दी है। वहीं, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के बयान में कहा गया कि मृतकों में 11 विदेशी थे जबकि एक पीड़ित उसका नागरिक था। इस बयान में कहा गया है कि सभी पीड़ितों के शव, जो उसी भारतीय रेस्तरां के कर्मचारी थे, सुविधा की दूसरी मंजिल पर बेडरूम में पाए गए।

# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# शेष शिकायतों का निराकरण को संबंधित विभागों को किया गया प्रेषित

**तहसील दिवस**

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ तहसील दिवस का आयोजन

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। माह के तृतीय मंगलवार को उपजिलाधिकारी सदर आशीष चंद्र घिल्डियाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। तहसील दिवस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित निस्तारण करना था।

तहसील दिवस आयोजन के दौरान कुल 06 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष 03 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए उपजिलाधिकारी ने उनके तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के समाधान में देरी न हो और जनता को त्वरित राहत प्रदान की जाए।



तहसील दिवस पर ग्राम सभा दानकोट के निवासी भगत सिंह बर्त्वाल ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि उनकी नाप भूमि का कटान चोपता–फलासी मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान हुआ था, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी उन्हें इस भूमि का मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मुआवजे की मांग करते हुए समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत तिलवाड़ा के निवासी हरेंद्र सिंह ने स्थायी निवास प्रमाणपत्र न बनने की शिकायत दर्ज कराई। इसी प्रकार अलकनंदा एवं स्वयं सहायता समूह, गांव मवाणा–सौड़, अगस्त्यमुनि की महिलाओं ने अपनी मिल्क्स बेकरी की मरम्मत के लिए सहायता मांगी। चोपता–जखधार के निवासी रविंद्र सिंह ने खतौनी से संबंधित समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। ग्वेफड़ के निवासी लीला सिंह बिष्ट ने बिजली व्यवस्था को लेकर शिकायत की। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में लगे बिजली के पोल अत्यधिक पुराने और जर्जर हो चुके हैं, जिससे बिजली आपूर्ति में बार–बार बाधा आती है। उन्होंने सिंगल लाइनों को बदलने और नए पोल लगाने की मांग की। इन सभी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और जनता को राहत देने के लिए तत्परता से कार्य करें।

इस दौरान कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ डॉ. आशुतोष, ग्रामीण निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता मीनल गुलाटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रुद्रप्रयाग सुनील राणा, नगर पंचायत तिलवाड़ा मनीषा, अगस्त्यमुनि निकिता भट्ट सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पैंशनर्स ने जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तर प्रदेश–उत्तराखण्ड राजकीय पेंशनर्स समन्वित मंच ने 42वें पैंसनर्स दिवस पर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और यूपी–उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें पेंशनरों ने आठवें वेतन आयोग का गठन करने की मांग समेत 11 मांगे शामिल हैं। मंच का कहना है कि 1858 से लागू पेंशन प्रणाली दोनों प्रदेशों ने वर्ष 2004 में बंद कर दी थी। उसे लागू किया जाए। इससे पहले पैंसनर्स हरिद्वार चन्द्राचार्य चौक पर इकट्ठा होकर निजी वाहनों से रोशनाबाद जिला–मुख्यालय पंहुचे। यहां मंच ने सभा में अपना विरोध प्रदर्शन किया।इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मंच के मुख्य संयोजक जेपी चाहर ने कहा कि पेंशन राशि की धनराशि की कटौती 10 वर्ष के बाद बंदकर अधिक वसूली गई। धनराशि वापस खाते में जमा डाली जाए।

### नेफ्रोप्लस ने डायलिसिस रोगियों के लिए 'आशाएं' का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। डायलिसिस रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध, भारत में डायलिसिस सेवाओं के अग्रणी नेटवर्क नेफ्रोप्लस ने देहरादून में डायलिसिस रोगियों के लिए विशेष रूप से तैयार ज्ञानवर्धक और उत्थानकारी कार्यक्रम –आशाएं की मेजबानी की। डायलिसिस रोगियों को समर्थन और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए आयोजित इस प्रेरणादायक पहल के दौरान लगभग 300 रोगियों और उनके परिवारों का जमावड़ा, सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। इसके अलावा, ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, इस पहल ने मरीजों को ऐसे अन्य लोगों के साथ जुड़ने में सक्षम बनाया जो डायलिसिस के दौरान की समान चुनौतियों से गुजर रहे हैं, इसके साथ ही पुरानी दोस्ती को मजबूत बनाने के साथ नई दोस्ती को भी बढ़ावा दिया।

### एनआईओएस से 18 महीने का डिप्लोमा सभी संस्थाओं में आवेदन के लिए वैद्यता मिली

**संवाददाता** देहरादून। उच्चतम न्यायालय ने बीते दिनों जस्टिस बी .आर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की डबल बैंच ने अपने पुराने जजमेंट 28 नवम्बर 2023 के आदेश में स्पष्टीकरण देते हुए एनआईओएस डीएलएड जो कि सेवारत शिक्षकों को एक बार के लिए कराए गए 18 माह के डीएलएड डिप्लोमा कोर्स को सभी प्रकार की नवीन आवेदन के लिए वैलिड कर दिया है, साथ ही इस कोर्स को करने वाले कोई भी शिक्षक जिसने 10 अगस्त 2017 से पूर्व सेवा में रहते हुए यह डिप्लोमा लिया है वे 1 से 8 तक सभी सरकारीध्प्राइवेट संस्थानों की नयी भर्ती के लिए आवेंदन कर सकते हैं और प्रमोशन ले सकते हैं ।

## शहीदों के परिवार और 1971 की लड़ाई में शामिल सैनिकों का सम्मान

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विजय दिवस की 53वीं वर्षगांठ पर 06 ग्रेनेडियर्स बास्केटबाल प्रांगण में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से भूतपूर्व शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीदों की शहादत की याद में स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा भावुक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा 1971 की लड़ाई में शामिल पूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिवारों का सम्मान भी किया गया।

सिक्स ग्रेनेडियर्स के सौजन्य से छावनी परिषद रुद्रप्रयाग में विजय दिवस की 53वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, सिक्स ग्रेनेडियर्स के कर्नल हितेश वशिष्ठ, पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 1971 की लड़ाई में शहीद हुए जनपद रुद्रप्रयाग के वीर सपूतों को पुष्पांजलि भेंट कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई।

इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी को भावुक कर दिया। अपर जिलाधिकारी ने सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजय दिवस हमारे लिए गर्व का दिवस है इसका इतिहास सभी को जानना चाहिए। उन्होंने स्कूली छात्रों द्वारा कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुतियों की भी सराहना की। कर्नल हितेश वशिष्ठ ने छात्र–छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अभी से देश सेवा के प्रति सम्मान की भावना तथा देश को प्रगुति के पथ पर लेकर जाने का उद्देश्य होना चाहिए। पूर्व सैनिकों के अनुभव से सीख लेने की आवश्यकता है।



### सीओ डोईवाला ने बच्चो से किया नशे के खिलाफ खड़े होने का आवाहन

**संवाददाता**देहरादून। वर्ष 2025 को राजधानी को नशा मुक्त बनाने को दून पुलिस द्वारा स्वयं से युवाओं के बीच जाकर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक करने को चलाये जा रहे अभियान में आज मंगलवार को रायपुर पुलिस द्वारा मालदेवता क्षेत्र मे स्थित राजकीय आदर्श मालदेवता इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे क्षेत्राधिकारी डोईवाला अनिल जोशी द्वारा उपस्थित छात्र–छात्राओं को नशे के प्रकार,उससे होने वाली मानसिक,सामाजिक,आर्थिक व पारिवारिक हानि की विस्तृत जानकारी दी व सभी बच्चो से आवाहन किया कि वह पुलिस के समाज से नशा को खत्म करने की इस मुहिम में साथ दे व अपने आसपास के लोगों व अन्य नागरिकों को भी जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग से चमोली के बीच 7 जनवरी तक यातायात रहेगा डायवर्ट

**संवाददाता**

चमोली। बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदप्रयाग में भूस्खलन का भारी मलबा अभी हाईवे पर पडा है। यहां पर विगत चार महीनों से किसी तरह से वन–वे यातायात की अस्थायी व्यवस्था से काम चल रहा है। जिससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को यहां पर हर रोज भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। नंदप्रयाग में हाईवे से मलबा हटाने को लेकर एनएचआईडीसीएल ने 17 दिसंबर से 06 जनवरी तक 21 दिनों का समय जिला प्रशासन से मांगा है।



जिला मजिस्ट्रेट ने नंदप्रयाग स्लाइड जोन से मलबा हटाने के लिए 18 दिसंबर से 07 जनवरी 2025 तक यातायात डायवर्ट करने की अनुमति प्रदान करते हुए नंदप्रयाग–कोठियासैंण चमोली मोटर मार्ग से यातायात को सुव्यस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश जारी किए है।

जिलाधिकारी ने नंदप्रयाग स्लाइड जोन पर खतरे की जद में आ चुके विद्युत हाईटेंशन लाइन के टावर के उपचार हेतु भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक और एसडीएम चमोली को नंदप्रयाग–कोठियासैंण चमोली मोटर मार्ग से यातायात को सुव्यवस्थित संचालन कराने हेतु समुचित व्यवस्थाएं करने को कहा है। ताकि इस अवधि में डायवर्ट रूट पर किसी तरह की समस्या न हो।

### सीआईएसएफ हरिद्वार यूनिट ने लहराया परचम

**संवाददाता** हरिद्वार। बीएसएफ की ओर से अटल अक्षय ऊर्जा भवन नई दिल्ली में आयोजित की गई 29वीं अंतर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल वाद–विवाद प्रतियोगिता में हरिद्वार सीआईएसएफ की यूनिट ने जीत दर्ज कर ओवरऑल बेस्ट टीम रोलिंग ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। टीम के वापस लौटने पर अधिकारियों ने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई कर उनकी पीठ थपथपाई। एनएचआरसी की ओर से में बीएसएफ की ओर से दिल्ली में कराई गई प्रतियोगिता में सभी आठ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल यानी सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी, आरपीएफ और असम राइफल्स ने भाग लिया।

पेज थ्री
www.page3news.in

# नेतृत्व से खफा

**तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है।**

रहीस सिंह।।

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक–दूसरे के खिलाफ असंतोष और बयानबाजी विपक्ष के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं।

महाराष्ट्र में सपा का शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ना भले राज्य की सियासत पर असर न डाले, लेकिन इसके गहरे मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है।

विपक्ष में सबसे ज्यादा कमी दिखाई देती है आम सहमति की। सीटों से लेकर मुद्दों तक, दोस्त दलों के बीच कहीं एकजुटता नहीं दिखती। यह बात इस शीतकालीन सत्र में भी साबित हो गई, जब अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपने स्पेस के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय सियासत की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है।

देखा जाए तो समय–समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र इलेक्शन के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक–दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। ऐसा नैशनल अलायंस समझ से बाहर है, जिसमें इतने अंतर्विरोध हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने–सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है।

गठबंधन चलता है समझौतों से, जब सारे पक्ष थोड़ा–थोड़ा त्याग करें। यहां सवाल है कि कौन समझौता करेगा? अभी तक तो यही हुआ कि जहां जो दल मजबूत था, वहां उसने दूसरे सहयोगी दलों को अपने बात मनवाने की कोशिश की। कांग्रेस पर सबसे बड़ा आरोप यही है। विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा दिख रहा है। जम्मू–कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी अलायंस की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी अलायंस के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। खैर, आने वाले चुनाव विपक्षी अलायंस के भविष्य के लिए भी अहम हैं। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है।

## आराधना

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** और हमें बाहर जाने का रास्ता नजर नहीं आ रहा है क्योंकि मेरी तबीयत खराब है पता नहीं आगे की जिंदगी कैसी चलेगी। यह सभी चीजें भगवान ऊपर से देख रहा था क्योंकि शिवराम की पत्नी गंगा और शिवराम भी अब तक भगवान की बहुत सारा भक्ति किया करती थी और वह हमेशा भगवान के लिए कुछ ना कुछ खाने पीने के सामान में से भगवान शिव के तथा भगवान ब्रह्मा की आराधना के लिए उनकी के लिए निकाला करते थे। भगवान शिव बहुत ज्यादा चिंतित थे कि वह शिवराम की मदद किस प्रकार से करें 1 दिन की बात है भगवान शिव ने ब्रह्मा को बुलाकर कहा कि हमारा भक्तों का हाल बहुत बुरा है हमें उसकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह तो अभी बीमार है चलो हमेशा करते हैं कि उनके खेत में जो भाषण अभी नहीं है उसमें खेती कर कर बहुत सारे अनाज को जाने का काम करेंगे जिसे देखकर शिवराम बहुत खुश हो जाएगा और वह खुश रहेगा। **...शेष कल**

# संपादकीय


## नैरेटिव बदला

कांग्रेस लोकसभा चुनावों में जीत के कारण मुगालते में रही। अंत तक उसकी घटक दलों से खींचतान चलती रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार अपने टूटे धड़े के लोगों को 'गद्दार गद्दार' कहते रहे और अदाणी को धारावी के विकास का काम देने का विरोध करते रहे। दोनों नैरेटिव को जनता ने नकार दिया। अजित पवार ने शरद पवार की अदाणी से मिलीभगत की ऐन मौके पर पोल खोलकर पांसा पलट दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण को खतरे में' बताकर आघाड़ी ने वोटरों को अपनी ओर मोड़ दिया था। इस बार यह काम नहीं आया। मुस्लिम वोट बैंक ने भी इस बार विपक्षी आघाड़ी का साथ नहीं दिया। इसके विपरीत बीजेपी के 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ है' के नारों ने हिंदू वोटों को जुटाने में अहम भूमिका निभाई। इसलिए इसे 'संघ शक्ति' और 'नारी शक्ति' की विजय भी कहा जा सकता है।

**सबसे अधिक मार शरद पवार की एनसीपी को पड़ी, जिससे उबरने की निकट भविष्य में संभावना दिखाई नहीं देती। शरद पवार का इस तरह हाशिए पर आ जाना महाराष्ट्र की राजनीति में एक युग का पटाक्षेप लगता है।**

# कमजोर विपक्ष

गंगाधर ढोबले।।



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के नतीजे इस बार ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहे। ठ्रश्न की लहर नहीं, सुनामी चली। इन कल्पनातीत और अनपेक्षित नतीजों ने बीजेपी के सहयोगी दलों– शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी की नैया भी पार लगा दी। कांग्रेस के नेतृत्व में उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी की महाविकास आघाड़ी चारों खाने चित हो गई। राज ठाकरे की एमएनएस, प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, बच्चू कडू की तीसरी आघाड़ी शून्य के साथ अस्तित्व के संकट में आ गईं।

बीजेपी की चमत्कारिक जीत का अंदाजा उसके स्ट्राइक रेट से आ जाता है। उसने 148 सीटों पर चुनाव लड़ा और 132 पर जीत हासिल की। स्ट्राइक रेट रहा 89 प्रतिशत। इतना स्ट्राइक रेट शायद ही किसी पार्टी ने अब तक पाया हो। शिंदे सेना के भी मजे रहे। वह 81 सीटों पर लड़ी और 57 पर विजय पाई। स्ट्राइक रेट रहा 70 प्रतिशत। अजित पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट तो शिंदे सेना से भी अधिक 75 प्रतिशत के करीब है। वह 55 सीटों पर लड़ी और 41 जीतीं। उधर, विपक्ष में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 16 प्रतिशत है, जिसने 101 सीटों पर लड़कर 16 ही जीतीं। उद्धव सेना ने 95 सीटें लड़कर 20 जीतीं और स्ट्राइक रेट रहा 21 प्रतिशत। शरद पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट सबसे कम 12 प्रतिशत ही है। उसने 87 सीटों पर चुनाव लड़ा और हाथ लगीं केवल 10।

सबसे अधिक मार शरद पवार की एनसीपी को पड़ी, जिससे उबरने की निकट भविष्य में संभावना दिखाई नहीं देती। शरद पवार का इस तरह हाशिए पर आ जाना महाराष्ट्र की राजनीति में एक युग का पटाक्षेप लगता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि जनता की अदालत ने शिंदे सेना को असली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को सही एनसीपी माना। शिंदे और अजित पवार अपनी पार्टियों को तोड़ते समय जितने विधायक अपने साथ ले गए थे, उससे कई अधिक विधायकों को उन्होंने जितवाया। इससे दोनों का दबदबा बना रहेगा।

कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष की महाविकास आघाड़ी बुरी तरह से पिट गई। उनमें से किसी भी पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का पद तक नहीं मिलेगा। यह पद पाने के लिए नियमानुसार 10 प्रतिशत से अधिक यानी कम से कम 29 विधायक होने चाहिए। महायुति की छप्परफाड़ जीत के कुछ प्रमुख कारण हैं– लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना, हिंदुत्व के वोटों का ध्रुवीकरण, लोकसभा चुनावों जैसी तटस्थता छोड़कर संघ के स्वयंसेवकों का पूरी शक्ति के साथ मैदान में उतर जाना, महायुति के घटक दलों का परस्पर सामंजस्य और गजब का समन्वय, मराठों के मुकाबले ओबीसी को जोड़ने में संघ की सफलता के कारण आरक्षण के मुद्दे का निष्प्रभावी हो जाना। यहां तक कि आरक्षण के नेता मनोज जरांगे के करीबी राजेश टोपे तक मराठों के वोट न मिलने से हार गए। यही नहीं, आरक्षण आंदोलन में जरांगे के गुरु रहे शरद पवार की पार्टी को भी मराठों ने नकार दिया।

मुस्लिम वोटिंग अक्सर 80 प्रतिशत के आसपास होती है, इस बार लगभग आधी रही। मुस्लिम महिलाओं को घटा दिया जाए तो यह प्रतिशत और कम हो जाएगा। वैसे भी सभी मुस्लिम कांग्रेस या उसके सहयोगी दलों के साथ नहीं जाते।

## अष्टयोग-5055

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 4 | 5 | | | 1 |
| | 28 | 1 | 36 | | 30 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | 2 | 37 | | 25 | |
| 4 | 5 | | | | | 3 |
| | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | | 3 | 4 | | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5054 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 38 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 32 | 2 | 32 | 7 | 33 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 24 | 1 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### महिलाओं का समर्थन

**मोहन।** विपक्षी आघाड़ी में आपसी लड़ाई अंत तक खत्म नहीं हुई। लाड़ली बहना योजना और मुंबई में धारावी झुग्गी का विकास अदाणी को सौंपने के विरोध का आघाड़ी को नुकसान हुआ लगता है। शुरुआत में लाड़ली बहना योजना का आघाड़ी विरोध करती रही और अंत में महायुति से भी अधिक राशि देने का चुनावी वादा कर दिया। इस बदलते रुख से महिलाओं का आघाड़ी ने विश्वास खो दिया। महिलाओं का मतदान पहली बार 6 प्रतिशत से अधिक बढ़ा। 12 से अधिक क्षेत्रों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। लाड़ली बहना में मुस्लिम महिलाएं भी बहुतायत से हैं, जो अपने परंपरागत वोटबैंक से छितरकर महायुति के साथ हो लीं। खासकर पिंजारी आदि पसमांदा मुसलमानों में ज्यादातर बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के वोटर हैं।





## राघव चड्ढा के साथ दिल्ली की ठंड में ठिठुर रहीं परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड की फेमस जोड़ियों में से एक परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा अपनी प्यारी फोटोज से फैंस को खुश करते रहते हैं। हाल ही में, परिणीति ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियोज शेयर कीं, जिसमें उन्होंने अपने पति के साथ दिल्ली की सर्दियों के मजे लेते हुए अपना समय बिताया। एक्ट्रेस ने ये फोटोज सोशल मीडिया पर इस कड़ाके की ठंड में शेयर की हैं जिसे देखने के बाद फैंस भी ठिठुर रहे हैं। परिणीति ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर राघव चड्ढा के साथ अपनी छुट्टियों की झलकियां पोस्ट कीं। पहले वीडियो में, एक्ट्रेस ने अपने पति को दिल्ली की सड़कों पर गाड़ी चलाते हुए कैमरे में कैद किया, जबकि बैकग्राउंड में किंग का गाना उफ बज रहा था। इसे कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा, इसके लिए वेट करें, वीकेंड के लिए घर पर दिल्ली आए हैं। एक पोस्ट में, परिणीति ने गर्म कंबल में लिपटी हुई एक सेल्फी शेयर की, जिसमें मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा, 48 घंटे कंबल और स्वेटर के मजे लेने के लिए यहां आई। इसके बाद उन्होंने हंसने वाली इमोजी लगाई। उन्होंने एक कंबल में छिपकर खुद का एक वीडियो भी शेयर किया। बैकग्राउंड में विंटर मॉर्निंग गाना बज रहा है। अपने अलग-अलग कामों के बारे में बात करते हुए राघव ने कहा, मैं बॉलीवुड के बारे में कुछ नहीं जानता और मेरी पत्नी राजनीति के बारे में कुछ नहीं जानतीं।

## सितारे जमीन के लिए हिट फॉर्मूला अपनाएंगे आमिर खान


सूत्र ने बताया कि आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग रविवार की रात को पूरी हो चुकी है। मूवी की शूटिंग का काम होने के बाद अब पिक्चर अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस फिल्म के निर्देशक आरएस प्रसन्ना और आमिर खान आने वाले दिनों में फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर ध्यान देने वाले हैं। आमिर खान की फिल्म तारे जमीन पर साल 2007 में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसी फिल्म का सिक्वल सितारे जमीन पर साल 2025 में आएगा। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, मूवी की शूटिंग का काम भी पूरा किया जा चुका है। रिलीज को लेकर कहा जा रहा है कि आमिर खान की फिल्म को 2025 में गर्मियों के दौरान रिलीज किया जा सकता है। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता आमिर खान फिल्मी करियर में दंगल जैसी फिल्म दे चुके हैं।

## पंजाब गलत लिखने पर ट्रोल हुए दिलजीत दोसांझ का फूटा गुस्सा



पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ अपने दिल-लुमिनाटी टूर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सिंगर के फैंस उनके कॉन्सर्ट को प्यार दे रहे हैं। वहीं, हेटर्स अलग-अलग वजहों के चलते उन पर निशाना साध रहे हैं। हाल ही में चंडीगढ़ कॉन्सर्ट के लिए दिलजीत ने एक्स पर एक पोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने पंजाब को गलत लिख दिया। हेटर्स ने सिंगर को इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया। अब तरह-तरह की टिप्पणी से परेशान होकर दिलजीत ने आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया है। सिंगर और एक्टर दिलजीत ने अपनी लेटेस्ट पोस्ट में पंजाब की स्पेलिंग पंजाब की जगह panjab लिखी थी। इस मुद्दे पर विवाद छिड़ने के बाद उन्होंने पूरे मामले पर अपनी सफाई दी है। पहले बता दें कि उन्होंने पुरानी पोस्ट में पंजाब के साथ भारत के झंडे का इमोजी भी लगाया। हालांकि, अब उनका रिएक्शन खूब सुर्खियां बटोर रहा है। पंजाबी सिंगर दिलजीत ने इस बार हेटर्स को करारा जवाब दे डाला है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, अगर किसी एक ट्वीट में पंजाब के साथ झंडा लगाना रह गया तो कॉन्सपिरेसी। बेंगलुरु इवेंट के एक ट्वीट में मेंशन करना रह गया था तो विवाद छिड़ा। यदि पंजाब को Panjab लिखा तो साजिश। सिंगर ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा, पंजाब को चाहे पंजाब लिखे या Panjab, पंजाब तो हमेशा पंजाब ही रहेगा।

# नीतू कपूर ने आलिया को साफ इग्नोर कर दिया



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*राज कपूर की 100 बर्थ एनिवर्सरी का धूमधाम से आयोजन हुआ, जहां कपूर परिवार के सभी सदस्यों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खास मौके पर कपूर परिवार की पीएम मोदी के साथ के अलावा कुछ ऐसे इनसाइड वीडियोज सामने आए हैं जो काफी चर्चा में हैं। दरअसल राज कपूर की 100वीं जयंती के सेलिब्रेशन के दौरान का एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें रणबीर कपूर और आलिया के अलावा नीतू कपूर भी दिख रही हैं। राज कपूर फिल्म फेस्टिव के दौरान कपूर परिवार ने इस इवेंट को शानदार बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की। एक वीडियो सामने आया है जिसमें रणबीर कपूर और उनकी वाइफ आलिया भट्ट नजर हैं। अपने दादा की इस फिल्मी विरासत को सेलिब्रेट करते हुए रणबीर अपनी अगली फिल्म लव एंड वॉर वाले लुक में दिखे। रणबीर इस वीडियो में पहले आलिया से कुछ कहते दिख रहे हैं।*

**आलिया अपनी सासु मां नीतू कपूर के करीब तक जाती हैं**

इस इवेंट से वायरल हुए इस वीडियो में रेड कार्पेट पर पूरा कपूर परिवार चलता दिख रहा है। उसी बीच रणबीर के कुछ कहने पर आलिया तुरंत मुड़ती हैं और मां-मां कहते हुए वो अपनी सासु मां नीतू कपूर के करीब तक जाती हैं और उनका हाथ थामने के लिए वो हाथ आगे भी बढ़ाती हैं। हालांकि, अगला विजुअल थोड़ा हैरान करने वाला है।

**लोगों ने शुरू किया कॉमेंट करना**

दरअसल, वीडियो देखकर काफी लोगों को ऐसा लग रहा है कि नीतू कपूर ने आलिया को साफ इग्नोर कर दिया हो। हालांकि, सिचुएशन क्या था, किस बत पर इतनी अफरातफरी मची थी, इसकी जानकारी अभी कन्फर्म नहीं है। लेकिन वीडियो देखकर लोगों ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया है।



**लोगों ने कहा- आलिया भट्ट के साथ भी ऐसा होता है?**

अब लोगों ने इस वीडियो पर कॉमेंट करते हुए लिखा है, सास सास ही होती है, अपनी हो या फिर किसी सिलेब्रिटीज की। एक ने कहा- यार, ये कितने प्यार से मां बोल रहीं और वो हैं कि इग्नोर कर रहीं। एक और ने कहा- आलिया भट्ट के साथ भी ऐसा होता है? वहीं एक और ने कहा- यूनिवर्शल इशू। वहीं एक और ने कहा- पहली बार मैंने आलिया को इतना अंडर कॉन्फिडेंट देखा है। एक और यूजर बोलीं- इनकी सास भी ऐसे ही हैं क्या?

**नीतू ने आलिया को लेकर कही थी ये बात**

वहीं बता दें कि नीतू कपूर ने रणबीर की शादी के बाद आलिया के बारे में कुछ बातें कही थीं। नीतू कपूर ने बहू आलिया और बेटे रणबीर कपूर संग अपने बॉन्ड पर बातें की थीं। उन्होंने कहा था, लोग मुझसे पूछते थे कि मेरा आलिया के साथ कैसा रिश्ता होगा। वो खूबसूरत है, सिंपल और अच्छी इंसान है, जिसके अंदर कोई मैल नहीं है। इसलिए मुझे लगता है एक सास और बहू के बीच का रिश्ता पति की गलती है, क्योंकि तुम अपनी मां से इतना ज्यादा प्यार करते हो और फिर जब तुम जोरू का गुलाम बन जाते हो ना फिर मां को प्रॉब्लम होती है।

**आलिया भट्ट की आनेवाली फिल्में**

बता दें कि हाल ही में आलिया भट्ट वेदांग रैना के साथ जिगरा में नजर आई थीं। इसके अलावा रणबीर के साथ ब्रह्मास्त्र पार्ट 2, अल्फा जैसी फिल्में हैं। इन सबके अलावा रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में एक साथ नजर आएंगे।

# सारा अली खान ने वीर पहाड़िया के साथ किया गढ़वाली डांस

*सारा अली खान इन दिनों मसूरी में अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग में व्यस्त हैं। बीटीएस वीडियो में, सारा अपने एक्स बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया के साथ गढ़वाली डांस करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।*



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों उत्तराखंड के मसूरी में हैं। और अपने अगले प्रोजेक्ट श्काई फोर्सश की शूटिंग कर रही हैं। इसमें उनके साथ अक्षय कुमार तो नजर आएंगे ही। साथ ही अक्षय कुमार भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। हालांकि अभी एक्ट्रेस ने इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन अब ठ्ठे वीडियो सामने आया है। जिसमें सैफ-अमृता की लाडली अपने एक्स बॉयफ्रेंड के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। ये देख हर कोई हैरान रह गया है।

**लीक हुआ वीडियो तो हर कोई हैरान**

सारा अली खान और वीर पहाड़िया गढ़वाली डांस कर रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस ये देखकर अब अपनी खुशी रोक नहीं पा रहे हैं और स्क्रीन पर दोनों को साथ देखने के लिए एक्साइटेड हैं। रेडिट पर वीडियो सामने आया है, जिसमें सारा ने सफेद रंग की साड़ी पहनी है और वीर ने सफेद पैंट और काले रंग के कोट में नजर आ रहे हैं।

**सारा अली खान और वीर पहाड़िया का डांस वीडियो**

सारा और वीर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर डांस कर रहे हैं। उन्होंने यह शूटिंग तिब्बती बौद्ध मंदिर के सामने की है। जबकि दूसरे वीडियो में सारा और वीर एक कैफे में शूटिंग करते नजर आए। स्काई फोर्स के डायरेक्टर अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने इस गाने को प्रमोशनल स्ट्रैटजी के कारण जोड़ा है।

**वीर पहाड़िया का सारा अली खान से कनेक्शन**

वीर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते और मुंबई के बिजनेसमैन संजय पहाड़िया के बेटे हैं। ये शिखर पहाड़िया के भाई हैं, जो जान्हवी कपूर को डेट कर रहे हैं। सारा अली खान ने वीर को 2016 में डेट किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि वह इकलौते लड़के थे, जिन्हें उन्होंने डेट किया था। इनके अलावा उनके जीवन में कोई दूसरा बॉयफ्रेंड नहीं रहा था।

# गर्म पानी पीकर ब्लड शुगर लेवल को रख सकते हैं कंट्रोल? जाने सच

*हल्का गुनगुना पानी या सादा अपनी सेहत के लिए अच्छा होता है। वहीं अगर दिनभर गुनगुना या गर्म पानी का सेवन किया जाए तो यह पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है।*




**गर्म पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है?**
गर्म पानी पीना हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि डायबिटीज रोगियों में ब्लड शुगर लेवल को केवल गर्म पानी पीने से कम किया जा सकता है। हालांकि ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में यह मदद कर सकता है। क्योंकि जब हम नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीते हैं तो हमारे शरीर के टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकलते हैं, जिससे खून में मौजूद एक्स्ट्रा शुगर पेशाब के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं। केवल गर्म ही नहीं सादा पानी भी इसमें बहुत फायदेमंद होता है। ऐसे में कम से कम तीन लीटर पानी जरूर पीने का प्रयास करें।

**ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से क्या होता है?**
ब्लड शुगर का लेवल बढ़ने की वजह से शरीर में कई तरह के चेंजेज नजर आने लगते हैं। इससे डाइजेशन प्रॉब्लम, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी से जुड़ी समस्या और कब्ज जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में इन सभी परेशानियों से बचने के लिए पूरे दिन में 8 से 10 गिलास पानी पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**गर्म पानी पीने के फायदे**
गरम पानी पीने से हमारे स्वास्थ्य को कई लाभ मिल सकते हैं। रोजाना गर्म पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पाचन तंत्र को एक्टिव करने में यह काफी हद तक मदद करता है। शरीर से विषैला पदार्थ को बाहर निकालने के लिए गर्म पानी का सेवन बेहद लाभकारी होता है। वहीं बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए भी गरम पानी पीने से फायदे मिलते हैं। इसके अलावा जो लोग वजन घटाना चाहते हैं उन्हें भी गर्म पानी पीने की सलाह दी जाती है।

**पानी पीने का सही तरीका**
एक्सपर्ट बताते हैं कि पानी पीने का ज्यादा लाभ तब मिलता है, जब इसे आप सही तरीके और सही समय पर पीते हैं। अधिक फायदे के लिए सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुने पानी का सेवन करें। ऐसा करने से बॉडी टॉक्सिन बड़ी ही आसानी से बाहर निकल जाते हैं और इसके बाद भोजन से 30 मिनट पहले पानी पिएं। वहीं नहाने जाने से 30 मिनट पहले भी पानी का सेवन करें और जब भी आप घर से बाहर जाते हैं तो बिना पानी पिए कभी ना निकलें। इस बात का भी ख्याल रखें कि कभी भी खड़े होकर नहीं बल्कि हमेशा बैठकर ही पानी पिएं।

**ब्लड शुगर लेवल को कैसे करें कम**
ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखने के लिए अपनी लाइफ स्टाइल में चेंज लाने की जरूरत होती है, जिसमें बैलेंस और पोषक तत्वों से भरी डाइट के साथ-साथ रोजाना नियमित एक्सरसाइज करना भी जरूरी है। डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाना चाहिए, जिससे वह कई गंभीर बीमारियों से बच पाएंगे।

# ड्राई फ्रूट्स जो हाई बीपी की समस्या से दिलाते हैं राहत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*आजकल की खराब लाइफस्टाइल और बेकार खानपान की वजह से हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं पहनपने लगी हैं। वहीं फिजिकल एक्टिविटी की कमी भी कई रोगों का कारण बन रही है। इन्हीं में से एक हाई ब्लड प्रेशर की समस्या भी है, जिससे ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं। खासकर ठंड के मौसम में उच्च रक्तचाप की समस्या चुनौती पूर्ण बन जाती है क्योंकि सर्दियों में रक्त धमनियां सिकुड़ने लगती हैं, जिसके कारण बीपी बढ़ने का खतरा अधिक हो जाता है। ऐसे में अपनी डाइट पर अधिक जोर देने की जरूरत होती है। डॉ निधि धवन, एच ओ डी डायटिक्स ,सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली के मुताबिक, रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए कुछ खास ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल किया जा सकता है। यह हाई बीपी में आराम देने के साथ-साथ हॉट हेल्थ को भी मजबूत बनाते हैं।*

**अखरोट**
अखरोट में प्रचुर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो बढ़े हुए ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए अच्छा ऑप्शन है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड की मौजूदगी धमनियों को फ्लैक्सिबल बनाए रखने में सहायता करती है। अखरोट के सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल को भी कम किया जा सकता है। इसे लेने से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए और हार्ट डिजीज के खतरे को कम करने के लिए रोजाना तीन से चार अखरोट को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।





**पिस्ता**
अगर आप हाई बीपी से परेशान रहते हैं तो रोजाना पिस्ते का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस ड्राई फ्रूट में मैग्नीशियम, पोटेशियम और मनो अनसैचुरेटेड फैट जैसे कई पोषक तत्व होते हैं, जो उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं। आप पिस्ता को कई तरह से खा सकते हैं। स्मूदी और सलाद में मिलाकर भी इसका सेवन किया जा सकता है।

**बादाम**
यह तो सभी जानते हैं कि बादाम को सुपरफूड में गिना जाता है। यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के साथ-साथ दिमाग को तेज करने के लिए भी मशहूर है। इसमें कई तरह के हेल्दी फैट्स होते हैं, जो हार्ट को हेल्दी रखते हैं और यह फाइबर और प्रोटीन का भी अच्छा सोर्स है, जिससे वेट लॉस में भी काफी हद तक मदद मिलती है। बढ़ते ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए रोजाना 4 से 5 भिगोए हुए बादाम को खाने का प्रयास करें।

**खजूर**
खजूर को ठंड के मौसम में सबसे ज्यादा खाया जाता है। यह सुपरफूड सर्दियों में शरीर में गर्माहट बनाए रखता है और हाई ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करता है। इसमें मैग्नीशियम और पोटैशियम की प्रचुर मात्रा होती है। यह दिल की धड़कन को भी कंट्रोल करता है। इसमें काफी अच्छी मात्रा में आयरन मौजूद होता है, जिससे हमारे शरीर में एनीमिया की समस्या नहीं रहती। ठंड से बचने के लिए और हाई बीपी से छुटकारा पाने के लिए रोजाना 3 से 4 खजूर का सेवन किया जा सकता है।

**सूखे हुए अंजीर**
सर्दियों के मौसम में ड्राई फ्रूट्स के तौर पर सूखे हुए अंजीर का सेवन बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें मैग्नीशियम पोटेशियम और डाइटरी फाइबर जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व बीपी से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। सूखे अंजीर का सेवन हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार होता है। हमेशा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए सूखे अंजीर को रातभर के लिए भिगोकर सुबह इसका सेवन करना बेहतर होगा।



## बॉडी में फोलिक एसिड की कमी से होता है एनीमिया, कैसे करें लक्षणों से करें पहचान

अगर आप संतुलित आहार का सेवन नहीं कर रहे हैं या फिर आपको अन्य कोई शारीरिक स्थिति है तो इस केस में आप को यह स्थिति देखने को मिल सकती है। अगर विटामिन बी 9 के सप्लीमेंट का सेवन कर लिया जाए तो शरीर में रेड ब्लड सेल्स की संख्या बढ़ जाती है और इसके लक्षण जल्द ही ठीक हो जाते हैं। इस स्थिति में शरीर में रेड ब्लड सेल्स की मात्रा न केवल कम होती है बल्कि उनका साइज भी बड़ा हो जाता है। इससे ब्लड में ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आ सकती है। इस वजह से आपको ज्यादा ठंड लगना, थका हुआ महसूस होना और हर समय कमजोरी जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जान लेते हैं इस स्थिति के बारे में। एनीमिया होने का सबसे अधिक रिस्क उन लोगों में होता है जो ज्यादा शराब का सेवन करते हैं। इसके रिस्क फैक्टर में उम्र का बढ़ना भी शामिल है। आमतौर पर महिलाओं को इस स्थिति का सामना पुरुषों के मामले में कम करना पड़ता है। प्रेग्नेंसी और ब्रेस्ट फीडिंग के समय भी महिलाओं को यह समस्या देखने को मिल सकती है। इसके इलाज का मुख्य तरीका विटामिन बी 9 के सप्लीमेंट्स ही हैं। आप ओरल सप्लीमेंट्स का सेवन कर सकते हैं जैसे टैबलेट। कुछ महीनों तक लगातार इन सप्लीमेंट्स का सेवन करना होगा। आपकी डाइट में भी कुछ बदलाव करने होंगे। कई बार कुछ अन्य शारीरिक स्थितियों के कारण भी यह कमी हो जाती है।

## लाइलाज है थैलेसीमिया, इन तरीकों से बेहतर तरीके से मैनेज हो सकती है बीमारी

थैलेसीमिया एक जेनेटिक डिसऑर्डर है, जो शरीर के रेड ब्लड सेल्स का उत्पादन करने की क्षमता को प्रभावित करता है। यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, जिनमें एनीमिया, विकास समस्याएं और अंगों का नुकसान शामिल हैं। थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों को जीवनभर चिकित्सा उपचार की आवश्यकता होती है, जिसमें नियमित रक्त संक्रमण और आयरन चेलेशन थेरेपी शामिल है। जल्दी पहचान और सही स्क्रीनिंग के साथ, थैलेसीमिया के प्रभाव को कम किया जा सकता है और इसके फैलाव को रोका जा सकता है। थैलेसीमिया को जल्दी पहचान कर और स्क्रीनिंग द्वारा इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। HbA2 टेस्ट, गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में करवाकर यह जाना जा सकता है कि बच्चा इस बीमारी से प्रभावित होगा या नहीं। सही समय पर जांच से थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है।

## कैंसर की गांठ से बचाने वाला कुकिंग ऑयल, हार्ट अटैक से भी बचाएगा जान



लगभग हर घर के अंदर खाने में तेल का इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ प्रकार के कुकिंग ऑयल कैंसर का कारण बन सकते हैं तो कुछ इस खतरनाक बीमारी से बचाने का भी काम करते हैं। शोधकर्ताओं ने खाने वाले एक तेल को कैंसर की गांठों से बचाने वाला पाया है। इतना ही नहीं, यह तेल कैंसर के अलावा हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खिलाफ भी सुरक्षा देता है। मगर भारत में इस तेल का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए कम ही होता है। इसे ऑलिव ऑयल या जैतून का तेल कहते हैं। आइए जानते हैं कि यह तेल कैंसर की बीमारी में क्यों लाभदायक है और इसे खाने के फायदे क्या हैं? कैंसर में असामान्य तरीके से कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं। आम भाषा में इन्हें गांठ या ट्यूमर कहा जाता है। अलग-अलग शोधों का अध्ययन करके यह पता चला कि ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल ब्रेस्ट कैंसर और डायजेस्टिव सिस्टम के कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह अध्ययन लिपिड इन हेल्थ एंड डिजीज में प्रकाशित हुआ है। कैंसर के दूसरे प्रकारों से भी यह बचाने वाला पाया गया है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक दुनिया में सबसे ज्यादा जान दिल की बीमारियों के कारण जाती है। जिसमें हार्ट अटैक एक बड़ी भूमिका निभाता है। जैतून का तेल खतरनाक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और इंफ्लामेशन को कम करने वाला देखा गया है। कोलेस्ट्रॉल के कारण ही ब्रेन स्ट्रोक आता है।



फेयरवेल मैच के बाद टिम साउदी हुए भावुक

न्यूजीलैंड के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टिम साउदी ने फेयरवेल मैच के बाद अपने परिवार का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके करियर के उतार–चढ़ाव में उनका साथ दिया। उन्होंने आगे कहा कि मां और पापा, ब्राय और बच्चे। वे वहीं हैं जो इस जर्नी में आपके साथ होते हैं और वह उतार–चढ़ाव देखते हैं और मैं उनके द्वारा किए गए हर एक काम के लिए आभारी हूं। साथी खिलाड़ियों ने इस जर्नी को और भी आनंदजनक बनाया और कुछ सपोर्ट स्टाफ का भी धन्यवाद।

## 16 साल में कुछ नहीं बदला जैसी शुरुआत, वैसा ही हुआ अंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट के खेल में नेशनल टीम की तरफ से खेलते हुए हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने डेब्यू मैच में ऐसा प्रदर्शन करें जो हमेशा के लिए यादगार साबित हो। ठीक अपने करियर के आखिरी मैच को भी हमेशा के लिए यादगार बनाने की हर खिलाड़ी की चाहत होती हैं। हालांकि, कुछ ही खिलाड़ी ऐसा कर पाते हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने ये खास कमाल कर दिखाया। उन्होंने जिस तरह से अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी, ठीक वैसा ही उनके करियर के आखिरी मैच में हुआ। 16 साल पहले जब टिम साउदी ने टेस्ट डेब्यू किया था, तो उनके सामने विरोधी टीम इंग्लैंड थी और जब वह अपने करियर का आखिरी मैच खेलने उतरे तो अभी भी इंग्लैंड की टीम के खिलाफ उन्होंने अपना फेयरवेल मैच खेला। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने 423 रन के विशाल अंतर से जीत हासिल की। ये रनों के लिहाज से न्यूजीलैंड की टेस्ट की सबसे बड़ी जीत रही। यह टिम साउदी का आखिरी टेस्ट मैच रहा। 16 साल के अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहने के बाद टिम साउदी भावुक दिखे। उन्होंने फेयरवेल मैच के बाद सबसे पहले सर रिचर्ड को धन्यवाद कहा।

# आकाश दीप–जसप्रीत बुमराह ने हारते मैच में बैटिंग से फूंक दी जान

**क्रिकेट**

## किसी तरह से फॉलोऑन बचाया, गाबा टेस्ट ड्रॉ की ओर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिस्बेनरू सूरमाओं से सजी भारतीय टीम ब्रिस्बेन गाबा के मैदान पर शर्मसार होने से बाल–बाल बची। पहले केएल राहुल और फिर रविंद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामना करते हुए अर्धशतक लगाकर भारत की लाज बचाने की कोशिश की, जिसके बाद जसप्रीत बुमराह (27 गेंदों में एक छक्का के दम पर नाबाद 10 रन) और आकाश दीप (31 गेंदों में 2 चौके और एक छक्का के दम पर नाबाद 27) की आखिरी जोड़ी ने कमाल की बैटिंग की और भारत को किसी तरह फॉलोऑन झेलने के शर्मसार से बचा लिया। जब आकाश दीप ने कमिंस को चौका मारते हुए कट ऑफ स्कोर को पार किया तो टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में सेलिब्रेशन देखते बन रहा था। हेड कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली,



कप्तान रोहित शर्मा खुशी से झूम रहे थे, जबकि इसके बाद ही आकाश ने कमिंस को एक छक्का भी मारा। उनके बीच 39 रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारत ने चौथे दिन 74.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 252 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 445 रनों का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा किया था। बता दें कि आखिरी बार 2011 में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में फॉलोऑन नहीं बचा पाई थी।

भारत के लिए दो सबसे बड़ी साझेदारी हुई। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े, जबकि 7वें विकेट के लिए जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 53 रन जोड़े। इससे पहले अपने तीसरे दिन के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। वहीं कप्तान रोहित शर्मा (10) एक बार फिर नाकाम रहे। उन्होंने ऑफ स्टंप पर पड़ती कमिंस की गेंद पर बल्ला अड़ाया और विकेट के पीछे एलेक्स कैरी ने उन्हें चपलता से चलता कर दिया।

इस बीच तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिंडली में चोट के कारण मैदान से चले गए जिससे मेजबान टीम को एक गेंदबाज की कमी खली। हेजलवुड संभव है कि सीरीज से बाहर हो जाएं। इससे पहले केएल राहुल शतक से वंचित रह गए और 84 के स्कोर पर नाथन लायन की गेंद पर पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर पर जडेजा को तरजीह दिए जाने पर कइयों ने सवाल उठाए थे लेकिन इस हरफनमौला ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी।

## उप्र की कप्तानी करेंगे धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। बीसीसीआई की विजय हजारे ट्रॉफी में उप्र टीम की कप्तानी धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह संभालेंगे। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घोषित की गई उप्र की 19 सदस्यीय टीम में कप्तान रिंकू के साथ अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, करन शर्मा, प्रियम गर्ग, नीतीश राणा, अक्षदीप नाथ, आर्यन जुयाल, मोहसिन खान का नाम शामिल है। उप्र की टीम में पांच नेट गेंदबाज के साथ चार अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन भी किया गया है। इसमें शहर के तेज गेंदबाज अंकित राजपूत का नाम शामिल है। उप्र की टीम 21 दिसंबर को विशाखापत्तनम में जम्मू और कश्मीर के साथ होने वाले मुकाबले से अभियान की शुरुआत करेगी। उप्र की टीम का 23 को मिजोरम, 26 को तमिलनाडु, 28 को छत्तीसगढ़, 31 को चंडीगढ़ और तीन जनवरी को विदर्भ के साथ मुकाबला होगा। उप्र की टीम में युवा जोश के साथ अनुभवी खिलाड़ियों को जगह दी गई है।

# रवींद्र जडेजा के बल्ले पर ऐसा क्या लिखा दिखा जो बन गया सुर्खियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने ब्रिस्बेन टेस्ट मैच में अपने बल्ले का रंग दिखाया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में शानदार अर्धशतक जमाया है। इस पारी के कारण जडेजा की जमकर चर्चा हो रही है, लेकिन इस बीच उनके बैट की एक फोटो वायरल हो गई जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। उनके बैट पर कुछ ऐसा दिखा जिसे लेकर लोग बात करने लगे हैं कि ये क्या है।

टीम इंडिया ने जडेजा को शुरुआती दो टेस्ट मैचों में मौका नहीं दिया था। ब्रिस्बेन टेस्ट मैच में उन्हें मौका मिला, लेकिन गेंदबाजी में वह बुरी तरह से फ्लॉप रहे। जडेजा के सेलेक्शन पर फिर

**■बल्ले पर कुछ ऐसा दिखा जो लोगों की नजरों में आ गया**

सवाल खड़े किए गए, लेकिन इस खिलाड़ी ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है उसने सभी को चुप करा दिया।

जडेजा ने ब्रिस्बेन टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार अर्धशतक जमा भारत के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने 123 गेंदों का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्का मारा। जडेजा ने भारत को फॉलोऑन से बचाने की काफी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। वह पैट कमिंस का शिकार बने। लेकिन इस दौरान उनके बल्ले की एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें उनके बैट की बैक साइड पर निचले हिस्से पर घोड़े का फोटो बना है।

इस फोटो के साथ इस बैट पर लिखा है मारवाड़ी घोड़ा। इस फोटो की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है। सभी जानते हैं कि जडेजा को घुड़सवारी का बहुत शौक है और उनके पास घोड़े भी हैं।

जडेजा ने अपने बल्ले का हुनर तो दिखाया। हालांकि, वह टीम को फॉलोऑन से नहीं बचा सके। इसका एक बड़ा कारण दूसरे छोर से ज्यादा समर्थन न मिलना रहा। अब उम्मीद होगी की जडेजा अपनी फिरकी से कमाल करें और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम लगाएं। जडेजा ओवरसीज में स्पिनर के रूप में भारत की पहली च्वाइस हुआ करते थे, लेकिन इस बार उनसे पहले वॉशिंगटन सुंदर और रविचंद्रन अश्विन को मौका मिला।

## न्यूज डायरी



## आकाश दीप ने खोले हाथ, छक्का देखकर विराट भी रह गए सन्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिस्बेन। भारत के लिए गाबा टेस्ट के चौथे दिन आकाश दीप 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। जब वह क्रीज पर आए तो टीम इंडिया का स्कोर 9 विकेट पर 213 रन था। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। इसका मतलब था कि टीम इंडिया को फॉलोऑन बचाने के लिए 246 रन बनाने थे। यहां से आकाश दीप ने बुमराह के साथ सुझबुझ भरी बैटिंग करते हुए टीम इंडिया को 246 तक पहुंचा दिया। आकाश दीप को क्रीज पर रुकने के लिए नहीं जाने जाते। वह आते ही गेंद को उड़ाने की कोशिश करते हैं। लेकिन फॉलोऑन बचाने के लिए उन्होंने खुद को बांध कर रखा। जैसे ही टीम 246 रनों तक पहुंची, आकाश दीप के ऊपर से प्रेशर खत्म हो गया। उन्होंने कप्तान पैट कमिंस की गेंद को मिड विकेट पर छक्का मार दिया। आगे की गेंद सीधे दर्शकों के बीच में जाकर गिरी। आकाश दीप के छक्के पर विराट कोहली का रिएक्शन भी काफी वायरल हो रही है। छक्के को देखने के लिए विराट ड्रेसिंग रूम के बाहर आ गए। वहां लगे शीशे से चिपक कर वह गेंद को देख रहे थे। शॉट देखकर उनका मुंह खुला रह गया था। आकाश दीप विराट कोहली के बल्ले से ही खेल रहे थे। कुछ समय पहली ही विराट ने अपना बल्ला दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप को गिफ्ट किया था। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा के संयम से भरे अर्धशतकों की मदद से यह मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा है। जडेजा ने 123 गेंद में 77 रन बनाये जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था।

## प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हुए टेस्ट सीरीज से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ब्रिस्टेन टेस्ट मैच में मजबूत स्थिति में दिख रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक झटका लगा है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड चोटिल हो गए हैं और वह पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्हें मैच के चौथे दिन पिंडली में चोट लगी जिसके कारण वह मंगलवार को सिर्फ एक ही ओवर फेंक सके। उन्हें खेल शुरू होने से पहले ट्रेनिंग में ये चोट लगी। हेजलवुड को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भी चोट लग गई थी। इसी कारण वह एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले। तीसरे टेस्ट मैच में उन्होंने वापसी की। हेजलवुड ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन एक बार फिर वह चोट लगा बैठे और अब उनके सीरीज में से बाहर होने का खतरा है। हेजलवुड ने को स्कैन के लिए ले जाया गया है और इसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने बताया कि वह पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा, वह सीरीज के बाकी मैच मिस कर सकते हैं। उनके विकल्प का ऐलान कुछ ही दिनों में किया जाएगा। हेजलवुड चौथे दिन मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर गए हैं। तीसरे दिन उन्होंने पांच ही ओवर फेंके थे और विराट कोहली का अहम विकेट अपने नाम किया था मैदान से बाहर जाने से पहले उन्होंने टीम के कप्तान पैट कमिंस और उप–कप्तान स्टीव स्मिथ से लंबी चर्चा की थी। उनके जाने से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी कमजोर हुई है।

## पूरी दुनिया थी केएल राहुल के खिलाफ, हीं मानी हार, हमेशा लड़ते रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल का करियर काफी उतार–चढ़ाव भरा रहा है। उनके साथ चीजें अलग रही हैं। राहुल ने अलग–अलग पॉजीशन पर बल्लेबाजी की है। जरूरत पड़ने पर टीम के लिए विकेटकीपिंग भी की है। वह एक ऑल इन वन पैकेज रहे हैं। लेकिन उससे राहुल का ही नुकसान हुआ है। लगातार अलग–अलग नंबर पर बल्लेबाजी करना उनको बैकफायर किया है। उनकी फॉर्म में गिरावट आई। लोगों ने सवाल उठाए। लेकिन किसी ने उनका देश के लिए प्यार नहीं देखा। अक्सर खिलाड़ी टीम मैनेजमेंट को बोलते हैं कि वह अपनी पसंदीदा नंबर पर ही खेलना पसंद करेंगे। लेकिन राहुल का ऐसा नहीं था। उनको सिर्फ अपने देश के लिए खेलना था। चाहे उन्हें जहां मर्जी बल्लेबाजी करने का मौका मिले। चाहे उन्हें विकेटकीपिंग करनी पड़े। उन्हें सिर्फ भारत के लिए खेलने का मन था। केएल राहुल के बारी में फैंस भी काफी दलबदलू रहे। जब वह अच्छा खेलते हैं तो केएल राहुल, केएल राहुल के नारे लगाते हैं। जब वह फ्लॉप हो जाएं तो उनको टीम से बाहर करने की मांग करते हैं।

6 फॉरेंसिक वाहनों का फ्लैग ऑफ करते हुए सीएम धामी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता के घर ईडी का छापा, 18 गाड़ियों में पहुंची टीम

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के चमन विहार में कांग्रेस नेता व प्रॉपर्टी डीलर राजीव जैन के घर में ईडी ने छापा मारा। करीब 18 गाड़ियों में ईडी और सीआईएसएफ की टीम राजीव जैन के घर पहुंची। मंगलवार सुबह चार बजे से राजीव जैन के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान करोड़ों की जमीन के दस्तावेज और कुछ नकदी भी बरामद हुई है। राजीव जैन पूर्व सीएम हरीश रावत के करीबी रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजीव जैन पर करोड़ों के धन शोधन का मामला भी बन सकता है।

### सीएम ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव राजबीर सिंह बिष्ट एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने भेंट के दौरान नवीन दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्तागण के चेम्बर्स के निर्माण के लिए सहयोग धनराशि और एमडीडीए में प्रस्तुत मानचित्र में विकास शुल्क को माफ किया जाने एवं विकास शुल्क मुक्त किये जाने का मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन के अधिकतर सदस्य नये अधिवक्ता हैं और विभिन्न जनपदों से आकर अधिवक्ता व्यवसाय में कार्यरत हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह भवन निर्माण में आने वाले व्ययों में आनुपातिक सहयोग कर सकें।

### बांग्लादेश मुद्दे को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। यूथ कांग्रेस ने बांग्लादेश मुद्दे पर जाखन में मंगलवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने ढाका स्थित सैन्य मुख्यालय से 1971 की ऐतिहासिक फोटो हटाने के साथ ही हिंदुओं पर अत्याचार का कड़ा विरोध किया। साथ केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री संगठन प्रियांश छाबड़ा और जिला अध्यक्ष निशांत कुमार के नेतृत्व यूथ कांग्रेस के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

### विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में भविष्य योजनाओं पर चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। धर्मपुर शिव मंदिर में हुई विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय बैठक में परिषद के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही भावी योजनाओं पर चर्चा हुई। बैठक का शुभारंभ केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडेय और प्रदेश अध्यक्ष रविदेव आनंद ने किया। केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक देशपांडे ने कहा कि संगठन द्वारा 13 प्रांतो में बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से रामायण और महाभारत ग्रंथो पर परीक्षाएं कराई जाती है।

# अनाथ, निर्बल एवं ड्रापआउट बेटियों के हौसले को लगेंगे पंख

**बैठक**

■ बेटियों के भविष्य सुधारने वाली महत्वकांशी योजनाओं को डीएम ने किया स्वीकृत

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' जिला स्तरीय टास्कफोर्स महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित की गई। टास्क फोर्स के प्रस्तावों की दी स्वीकृति।

जिलाधिकारी ने बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी योजनाओं पर कार्य करें जो भविष्य में रोल मॉडल साबित हों। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा बहुत आवश्यक है इसके लिए घर-घर जाकर प्रभावी सर्वे किया जाए तथा 10–18 वर्ष की ड्रापआउट बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा जाए।किस कारण बालिका ड्रापआउट हैं की पूर्ण पड़ताल करते हुए समाधान की दिशा में कार्य करें अधिकारी। उन्होंने ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिकाओं के असुरक्षित स्थानों के चिन्हिकरण के पश्चात् उक्त स्थानों को सुरक्षित बनाने हेतु प्राप्त सुझावों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बालिकाओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए नई योजनाएं तथा नए प्रयास किये जाने आवश्यक है इसके लिए उन्होंने टास्कफोर्स से सुझाव भी मांगे।

बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत 11वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण बालिकाओं को जनपद के शैक्षणिक संस्थानों सांइस सिटी, झाझरा, एफआरआई देहरादून जू का भ्रमण एवं मोटीवेशनल मूवी दिखाने, किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से उनकी निरन्तर वृद्धि निगरानी एवं समय–समय पर पोषण सम्बन्धी जानकारी प्रदान करने हेतु अवनी अभियान संचालित करने की स्वीकृति दी।

बहुउद्देशीय शिविरों में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण अधिनियम की जानकारी युक्त नुक्कड़ नाटकों का आयोजन करने। वॉल पेन्टिंग के कार्य में दक्ष बालिकाएं जिनके माध्यम से उनके ग्राम वार्ड के सार्वजनिक स्थलों चौराहों पर इच्छुक बालिकाओं से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर वॉल पेन्टिंग करवाने है तथा भविष्य में ऐसी बालिकाओं को जनपद में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मानित भी किय जाएगा।

हम है शक्ति शहर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत एक जागरूकता रैली निकाली जानी प्रस्तावित है, जिसमें राजकीय इन्टर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज की लगभग 500 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रचार–प्रसार सामग्री बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने, कन्या भ्रूण हत्या,बाल विवाह की रोकथाम, घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण एवं विभाग द्वारा संचालित महिलाओं बालिकाओं के कल्याणार्थ संचालित विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश युक्त शी–डायरी, टेबल कैलेण्डर, शी कैप एवं शी बैज आदि तैयार की जाएगी। कामकाजी माताओं को अपने बच्चे की उचित देखभाल और सुरक्षा देने में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुये, पालना के माध्यम से डे–केयर क्रैच सुविधाएं प्रदान की जांएगी।

### ड्रापआउट बालिकाओं का घर-घर जाकर हो प्रभावी सर्वे

सपनों की ओर बढ़ते कदम– पीएमजनमन योजना के अन्तर्गत डोईवाला, विकासनगर एवं सहसपुर ब्लॉक में चिन्हित बोक्साजनजाति क्षेत्र की ड्राप आउट बालिकाओं का आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा घर–घर जाकर सर्वे करने तथा सर्वे में चिन्हित 10–18 वर्ष की ड्राप आउट बालिकाओं का विद्यालय में पुनः प्रवेश करवाने तथा आर्थिक कारण से उनकी शिक्षा बाधित न हो, इसके लिये उनकी एक वर्ष की एकमुश्त स्कूल फीस सम्बन्धित विद्यालय में जमा करवाई जायेगी। बालिकाओं की काउन्सलिंग करते हुये, उन्हें स्कूल ड्रेस, बैग, स्टेशनरी, किताबें तथा स्वच्छता किट प्रदान की जायेगी। साथ ही इच्छुक बालिकाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

# नव चयनित अभ्यर्थी लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगे: सीएम

**नियुक्ति पत्र**

■मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 45 नव चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में 45 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें गृह विभाग के अन्तर्गत 11 लैब असिस्टेंट एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के अन्तर्गत 34 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज आपके जीवन की एक नई शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपने कार्य क्षेत्र में पूरी लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगे। अगर नियमित दिनचर्या के साथ हम कार्य शुरू करते हैं, हर राह आसान होती है। उन्होंने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सबको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष योगदान देना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में राज्य में सरकारी सेवाओं में 19 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रिया गमितान है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर पूरी की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य रजतोत्सव वर्ष में प्रवेश कर गया है। राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा आगामी 25 वर्षों की राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किये जा रहे हैं। आजादी के अमृत काल में उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए सभी प्रदेश वासियों का अहम योगदान होगा।

### सीएम ने किया 06 फॉरेंसिक वाहनों का फ्लैग ऑफ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में गृह विभाग के अधीन 06 फॉरेंसिक लैब वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। 65 लाख की लागत वाले प्रत्येक फॉरेंसिक लैब वाहन में ड्रग डिक्शन किट, एक्सप्लोजिव किट, फिंगर प्रिंट किट, फुट प्रिंट किट, डीएनए किट, फ्रिज, जनरेटर, साइबर सुरक्षा से संबंधित सॉफ्टवेयर, वीडियो कैमरा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन फॉरेंसिक लैब वाहनों के माध्यम से किसी भी आपराधिक घटना की मौके पर ही प्राथमिक परीक्षण संभव हो जाएगा।

प्रथम चरण में ये फॉरेंसिक लैब वाहन देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, उधमसिंहनगर, नैनीताल, अल्मोड़ा और श्रीनगर भेजे जा रहें। बाद मे सभी जनपदों के लिए यह व्यवस्था की जायेगी। इन वाहनों के लिए राज्य को केन्द्र सरकार से 3.92 करोड़ की धनराशि मिली है।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।